प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 07.10.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने शासन के 25वें वर्ष में प्रवेश पर विकसित भारत के सपने को पूरा करने का लिया संकल्प : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों की ओर से किया अभिनंदन।
2. महर्षि वाल्मीकि जयंती पर प्रदेशभर में हुए कार्यक्रम : मुख्यमंत्री ने स्वच्छता कर्मियों को पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा कवर देने का किया एलान।
3. केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने आज राष्ट्रीय शर्करा संस्थान के 90वें स्थापना दिवस समारोह को किया संबोधित : कहा– आईआईटी कानपुर के मार्गदर्शन में शुगर इंडस्ट्री से जुड़े बीटेक और एमटेक के कोर्स चलायेगा संस्थान।

और

4. केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन कल एक दिवसीय दौरे पर पहुंचेंगी अयोध्या : श्रीरामलला का दर्शन पूजन कर करेंगी बृहस्पति कुंड का उद्घाटन।

———————

अपने शासन के 25वें वर्ष में प्रवेश करने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत के सामूहिक स्वप्न को साकार करने के लिए कड़ी मेहनत का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में पिछले 11 वर्षों में

उल्लेखनीय बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण प्रयासों से महिला, युवा किसान सशक्त हुए हैं और 25 करोड से अधिक लोग गरीबी से बाहर आये हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि भारत का वैश्विक अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण स्थान है। एक रिपोर्ट .....

*प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश में प्रमुख स्वास्थ्य देखभाल और समाजिक सुरक्षा योजनाएं चल रही हैं। सरकार का उद्देश्य सभी क्षेत्रों में देश को आत्मनिर्भर बनाना है, जिसमें गर्व से कहा ये स्वदेशी है का आह्वान नजर आए। प्रधानमंत्री मोदी ने शासनाध्यक्ष के रूप में देश की सेवा के 25वें साल में प्रवेश करने पर लोगों का आभार व्यक्त किया है। अपनी यात्रा का स्मरण करते हुए श्री मोदी ने कहा कि जब गुजरात के मुख्यमंत्री का पद संभाला था, तो कई लोगों को लगता था कि गुजरात कभी दोबारा नहीं बढेगा। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों के जरिए उन्होंने गुजरात को सुशासन का केन्द्र बनाया। प्रधानमंत्री ने वर्ष 2013 को याद किया जब वे 2014 के लोकसभा चुनाव के लिए प्रधानमंत्री के उम्मीदवार के रूप में चुने गये थे। सकलेन की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से वैष्णवी।*

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रदेशवासियों की ओर से प्रधानमंत्री का अभिनंदन किया है। उन्होंने कहा है कि राष्ट्र साधना में रत प्रधानमंत्री के गौरवशाली चौबीस वर्ष गांव, गरीब, महिला, वृद्ध, किसान, नौजवान और वंचितों क जीवन में उत्तरोत्तर उन्नति को समर्पित रहे हैं।

———————————

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर आज प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित महर्षि वाल्मीकि प्रकट दिवस समारोह में शामिल

हुए। मुख्यमंत्री ने वाल्मीकि समाज के लोगों से कहा कि उनकी सुरक्षा समाज की सुरक्षा है और उनका सम्मान भगवान वाल्मीकि की विरासत का सम्मान है। श्री योगी ने बताया कि सफाई, संविदा कर्मचारी को अब आउटसोर्सिंग कंपनी नहीं, बल्कि सरकार का कॉरपोरेशन सीधे अकाउंट में पैसा देगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छता कर्मियों को पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा कवर भी दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों के साथ अप्रिय घटना घटने पर 35–40 लाख रुपये देने की व्यवस्था करेंगे।

बाइट.....

*हर सफाई कर्मचारी को संविदा के कर्मचारी को हम लोग एक व्यवस्था करने जा रहे हैं।अब पैसा आउटसोर्सिंग कंपनी नहीं देगी उनके खाते में बल्कि सरकार का कॉर्पोरेशन सीधे उनके अकाउंट में पैसा देगा। स्वच्छता कर्मियों को पाँच लाख रूपए की स्वास्थ्य बीमा का कवर भी देंगे। दुर्भाग्य ऐसी किसी सफाई कर्मचारी के साथ कभी कोई घटना दुर्घटना हो गयी तो इस परिवार को बैंक के माध्यम से पैंतीस से चालीस लाख रूपए देने की व्यवस्था भी की जानी चाहिए।*

————————

मथुरा में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने स्वच्छता वाटिका में महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण किया। इटावा में इस अवसर पर मंदिरों में पूजा अर्चना के साथ साथ हवन किए गए। अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर परिसर में स्थित महर्षि वाल्मीकि के नवनिर्मित मन्दिर में भी पहली बार वाल्मीकि जयंती मनाई गई। उत्तर प्रदेश संस्कृत

संस्थान लखनऊ में व्याख्यान गोष्ठी व संस्कृत कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश भर में रामायण पाठ का आयोजन हो रहा है।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज लखनऊ में स्व. डी. पी. बोरा की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार रामायण काल की वनस्पतियों को अयोध्या क्षेत्र में दोबारा स्थापित करने के लिए प्रयास कर रही है। बाइट .....

*श्री राम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान और उसके उपरांत जब भगवान राम का भव्य मंदिर का निर्माण रामलला के विराजमान होने के बाद बना हम लोगों का ये प्रयास है उस मार्ग को और उस समय की वनस्पतियों का संग्रह हो और उन्हें अयोध्या के साथ साथ इस पूरे मार्ग में फिर से स्थापित करने का काम किया जाए। इस पर कार्य चल रहा है और मैं मानता हूं एक बड़ा कार्य होगा।*

———————

केंद्रीय उपभोक्ता मामले खाद्य एवं सार्वजानिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी ने आज कानपुर में राष्ट्रीय शर्करा संस्थान के 90वें स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने छात्रावास, मेस का भूमि पूजन और शिलान्यास किया। पत्रकारों से बात करते हुए श्री जोशी ने कहा कि आईआईटी कानपुर की गाइडेंस में शुगर इंडस्ट्री से

सम्बंधित बीटेक और एमटेक के रेगुलर कोर्स राष्ट्रीय शर्करा संस्थान द्वारा चलाने का निर्णय लिया गया है। बाइट.....

*आज एक बहुत बड़ा हॉस्टल और एक मेस का मैंने शिलान्यास भी किया है। दोनों मिला के नियरली अबाउट 60 करोड़ रूपये हम इन्वेस्ट कर रहे हैं और इसी के साथ ही साथ हम आईआईटी कानपुर के गाइडेंस में बी टेक और एम टेक रेगुलर कोर्स शुगर इंडस्ट्री के रिलेटेड बी टेक और एम टेक कोर्स नेशनल शुगर इंस्टीट्यूट के द्वारा कराने का भी निर्णय किया है।*

————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन कल एक दिवसीय दौरे पर अयोध्या पहुंचेंगी। केंद्रीय वित्त मंत्री बृहस्पति कुंड का उद्‌घाटन करेंगी। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित रहेंग। वित्त मंत्री श्रीरामलला का दर्शन पूजन भी करेंगी। दारे को देखते हुए अयोध्या में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। मंडलायुक्त राजेश

कुमार ने बताया कि प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रुप दे दिया है। बाइट.....

*बृहस्पति कुंड में जो सौंदर्गीकरण का काम उच्चीकरण का काम हुआ है और साथ में दक्षिणभारत के जो संत हैं उनकी मूर्ति का अनावरण माननीय वित्त मंत्री जी द्वारा और माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा किया जाना है। तो उसकी तैयारियां भी की जा रही है। इसके बाद एक कार्यक्रम पीएफसी में जो मंदिर परिसर में पीएफसी है वहाँ पर एक कार्यक्रम होगा जहाँ पर संबोधन किया जाएगा तो उसी की सभी तैयारी की आज जायजा लेने के लिए हम लोग आए हैं।*

————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने वाले जीएसटी सुधारों पर हमारे संवाददाता की रिपोर्ट.....

*नई कर संरचना के तहत 7500 रुपये से कम कीमत वाले होटलों के कमरों पर जीएसटी को घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। सरकार ने होटलों, रेस्टोरेंट, कैफे और कैटरिंग सेवाओं में इस्तेमाल होने वाले रसोई के सामानों पर भी जीएसटी घटाया है। जीएसटी 2.0 के तहत इन वस्तुओं पर कर की दर 18 प्रतिशत से घटकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। नए कर सुधार न केवल परिवारों के दैनिक खर्च कम करेंगे बल्कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों को भी सशक्त बनाएंगे। सकलेन अख्तर आकाशवाणी दिल्ली।*

————————

डुमरियागंज सांसद जगदंबिका पाल ने आज सिद्धार्थ नगर के विभिन्न क्षेत्रों में जीएसटी बचत उत्सव के तहत स्थानीय लोगों एवं व्यापारियों से मुलाकात की। उन्होंने व्यापारियों को जीएसटी दरों में हुई कमी के बारे में

बताया। इस अवसर पर श्री पाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जीएसटी दरों को कम करने के लिए उठाया गया कदम ऐतिहासिक और जनआकांक्षाओं के अनुरूप है। बाइट.....

*प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा इस बार जीएसटी में सुधार किया गया है। मुझे लगता है ये दुनिया का सबसे बड़ा करों में सुधार है और ये जो कर व्यवस्था हुई इसको इतना सरल बनाया है कि काफी आवश्यक वस्तुओं पे पाँच पर्सेंट किया गया है।*

—————————

प्रदेश भर में आज शरद पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालुओं ने पवित्र नदियों में स्नान किया। बदायूं के कछला में गंगा घाट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। इस दौरान गंगा घाट पर गोताखोर मौजूद रहे। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस फोर्स की तैनाती भी की गई।

वहीं कुशीनगर में बौद्ध भिक्षु श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ आज पवरना दिवस  का त्योहार मना रहे हैं उन्होने महापरिनिर्वाण मंदिर में विशेष पूजा कर संघदान किया।

(समाप्त)